ए-12023/2/2023-प्रशा.IV-एमसीए

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

ए विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली-110001,
दिनांकः 17 अगस्त, 2023

## रिक्ति परिपत्र

**विषय: एनसीएलएटी में सदस्यों के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाना**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) में न्यायिक और तकनीकी सदस्यों के पद पर नियुक्ति के लिए दिनांक 06 जून, 2023 के रिक्ति परिपत्र ए-12023/2/2023-प्रशा.IV-एमसीए के माध्यम से आमंत्रित ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई, 2023 थी।

अधिक से अधिक उम्मीदवारों की भागीदारी सुनिश्चित करने और श्रेष्ठ प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तारीख बढ़ाकर 1 सितंबर, 2023 कर दी गई है ताकि और आवेदन प्राप्त किए जा सकें।

उम्मीदवारों को अतिरिक्त मौका देते हुए, जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है और एनसीएलएटी में सदस्यों के लिए उक्त प्रक्रिया के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं, वे **18 अगस्त, 2023 को सुबह 10:00 बजे से 1 सितंबर, 2023 को सायः 05:30 बजे** तक ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट https://apptrbmembermca.gov.in देख सकते हैं। अपलोड किए गए दस्तावेजों की प्रतियों के साथ, ऑनलाइन पोर्टल पर अंतिम रूप से जमा किए गए विधिवत् रूप से भरे हुए एवं हस्ताक्षरित आवेदनों का प्रिंट आउट दिनांक 6 जून, 2023 के रिक्ति परिपत्र में दिए गए पते पर **8 सितंबर, 2023 को शाम 05:30 बजे** तक भेजना आवश्यक है।

तथापि, पदों के लिए आवेदन करने के लिए पात्रता मानदंड, आयु सीमा, योग्यता आदि सहित रिक्ति परिपत्र के अन्य सभी निबंधन और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

**(रियाजुल हक)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाषः 23381349**

सेवा में,

1. सभी उच्च न्यायालयों के महा-रजिस्ट्रार

